TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

04 सितंबर 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

डर कहीं और नहीं बस आपके दिमाग में होता है।

डेल कार्नेगी



राकेश कुमार

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 04 सितम्बर

1. **दादाभाई नौरोजी का जन्म–** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी दादाभाई नौरोजी का जन्म 4 सितम्बर, 1825 ई. को मुम्बई में हुआ था। इन्हें 'भारतीय राजनीति का पितामह' और 'भारत का वयोवृद्ध पुरूष' भी कहा जाता है। वे एक पारसी बुद्धिजीवी, शिक्षाशास्त्री, कपास के व्यापारी तथा आरम्भिक राजनैतिक एवं सामाजिक नेता थे। 1906 में एक अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने स्व–शासन की मांग सार्वजनिक की थी। उन्होंने सबसे पहले देश को 'स्वराज्य' का नारा दिया।
2. **गूगल की स्थापना–** इंटरनेट संबंधित सेवाओं एवं उत्पादों की लोकप्रिय बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनी 'गूगल' की स्थापना लेरी पेज और सेर्गी ब्रिन ने मेलों पार्क, कैलिफोर्निया, यू.एस.ए. में 4 सितम्बर, 1998 ई. को किया था। गूगल का असली नाम गोगोल (GOOGOL) थी, लेकिन एक जरा सी गलती के कारण ये नाम गूगल (GOOGLE) बन गया। गूगल गणितीय शब्द गुगोल से लिया गया है जिसका मतलब होता है संख्या जिसमें 1 के बाद 100 और जीरो लगे हों।
3. **ऋषि कपूर का जन्म–** भारतीय अभिनेता, निर्माता और निर्देशक ऋषि कपूर का जन्म 4 सितम्बर, 1952 ई. को मुम्बई में हुआ था। उन्हें बॉबी फिल्म के लिए 1974 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार और वर्ष 2008 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार सहित कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी पहली फिल्म 'मेरा नाम जोकर' में बाल कलाकार के रूप में शानदार अभिनय के लिए 1970 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।
4. **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण का गठन–** भारत में बाघों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण का गठन 4 सितम्बर, 2006 ई. को किया गया था। वर्ष 2014 तक भारत में बाघ रिजर्वों की संख्या 48 हो गयी है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र के 2.09% भूमि पर 18 राज्यों में विस्तृत है। भारत का सबसे बड़ा बाघ रिजर्व नल्लामलाई पर्वत श्रेणी में स्थित नागार्जुन सागर टाइगर रिजर्व, श्री सेलम (आंध्रप्रदेश) में है। विश्व में सर्वाधिक बाघ घनत्व वाला बाघ रिजर्व काजीरंगा, असम है। विश्व का सर्वाधिक ऊँचाई पर स्थित बाघ रिजर्व नमदफा टाइगर रिजर्व, अरूणाचल प्रदेश है। देश का प्रथम टाइगर रिजर्व कार्बेट नेशनल पार्क, उत्तराखण्ड है। भारत का 48वां टाइगर रिजर्व राजाजी टाइगर रिजर्व, उत्तराखण्ड है। बिहार में वाल्मिकी टाइगर रिजर्व पश्चिम चंपारण जिले में स्थित है। यह हिमालय की तराई भाग में नेपाल-बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमा पर गंडक नदी के किनारे अवस्थित है। इसमें बाघों की संख्या लगभग 50 है।

Wednesday

6/31



Madhu priya

# दिवस विशेष

4 सितंबर


मधु प्रिया

## गूगल की स्थापना 4 सितम्बर

यह कम्पनी स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से पी॰एच॰डी॰ के दो छात्र लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन द्वारा स्थापित की गयी थी। इन्हें प्रायः "गूगल गाइस" के नाम से सम्बोधित किया जाता है। सितम्बर 4, 1998 को इसे एक निजी-आयोजित कम्पनी में निगमित किया गया। इसका पहला सार्वजनिक कार्य/सेवा 19 अगस्त 2004 को प्रारम्भ हुआ। इसी दिन लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन और एरिक स्खिमिड्ट ने गूगल में अगले बीस वर्षों (2024) तक एक साथ कार्य करने की रजामंदी की। कम्पनी का शुरूआत से ही "विश्व में ज्ञान को व्यवस्थित तथा सर्वत्र उपलब्ध और लाभप्रद करना" कथित मिशन रहा है। कम्पनी का गैर-कार्यालयीन नारा, जो कि गूगल इन्जीनियर पौल बुखीट ने निकाला था— "डोन्ट बी इवल (बुरा न बनें)"। सन् 2006 से कम्पनी का मुख्यालय माउंटेन व्यू, कैलिफोर्निया में है। गूगल विश्वभर में फैले अपने डाटा-केन्द्रों से दस लाख से ज़्यादा सर्वर चलाता है और दस अरब से ज़्यादा खोज-अनुरोध तथा चौबीस पेटाबाईट उपभोक्ता-सम्बन्धी जानकारी (डाटा) संसाधित करता है। गूगल की सन्युक्ति के पश्चात् इसका विकास काफ़ी तेज़ी से हुआ है, जिसके कारण कम्पनी की मूलभूत सेवा वेब-सर्च-इंजन के अलावा, गूगल ने कई नये उत्पादों का उत्पादन, अधिग्रहण और भागीदारी की है। कम्पनी ऑनलाइन उत्पादक सॉफ्टवेअर, जैसे कि जीमेल ईमेल सेवा और सामाजिक नेटवर्क साधन, ऑर्कुट और हाल ही का, गूगल बज़ प्रदान करती है। गूगल डेस्कटॉप कम्प्यूटर के उत्पादक सॉफ्टवेअर का भी उत्पादन करती है, जैसे— वेब ब्राउज़र गूगल क्रोम, फोटो व्यवस्थापन और सम्पादन सोफ़्ट्वेयर पिकासा और शीघ्र संदेशन ऍप्लिकेशन गूगल टॉक। विशेषत: गूगल, नेक्सस वन तथा मोटोरोला ऍन्ड्रोइड जैसे फोनों में डाले जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम ऍन्ड्रोइड, साथ-ही-साथ क्रोम ओएस, जो फिलहाल भारी विकास के अन्तर्गत है, पर सीआर-48 के मुख्य ऑपरेटिंग सिस्टम के रूप में प्रसिद्ध है, जो गूगल के विकास में अग्रणी है। एलेक्सा google.com को इंटरनेट की सबसे ज़्यादा दर्शित वेबसाइट बताती है। इसके अलावा गूगल की अन्य वेबसाइटें (google.co.in, google.co.uk, आदि) शीर्ष की सौ वेबासाइटों में आती हैं। यही स्थिति गूगल की साइट यूट्यूब और ब्लॉगर की है। ब्रैंडज़ी के अनुसार गूगल विश्व का सबसे ताकतवर (नामी) ब्राण्ड है। बाज़ार में गूगल की सेवाओं का प्रमुख होने के कारण, गूगल की आलोचना कई समस्याओं, जिनमें व्यक्तिगतता, कॉपीराइट और सरशिप शामिल हैं, से हुई है। गूगल के CEO भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सुंदर पिचाई हैं।

# जयंती विशेष 04 सितंबर

राकेश कुमार




**दादा भाई नौरोजी** *Dadabhai Naoroji*, जन्म- 4 सितंबर, 1825 ई. मुम्बई; मृत्यु- 30 जून, 1917 ई. मुम्बई) को 'भारतीय राजनीति का पितामह' कहा जाता है। वह दिग्गज राजनेता, उद्योगपति, शिक्षाविद और विचारक भी थे। श्री दादाभाई नौरोजी का शैक्षिक पक्ष अत्यन्त उज्ज्वल रहा। 1845 में एल्फिन्स्टन कॉलेज में गणित के प्राध्यापक हुए। यहाँ के एक अंग्रेज़ी प्राध्यापक ने इन्हें 'भारत की आशा' की संज्ञा दी।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 04.09.2024

## शब्दानुवाद

भाषा के शब्द एवं शब्द क्रम को उसी प्रकार लक्ष्य-भाषा में रूपान्तरित करना शब्दानुवाद कहलाता है। इसमें अनुवादक का लक्ष्य स्रोत-भाषा में अभिव्यक्त भावों, विचारों एवं अर्थों का लक्ष्य-भाषा में अन्तरण करना होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**पनडुब्बियों** को अक्सर "साइलेंट सर्विस" कहा जाता है क्योंकि वे महीनों तक गहराई में छिपकर बेहद गोपनीय तरीके से अपना मिशन पूरा करती हैं। न्यूक्लियर पावर से चलने वाली पनडुब्बियां लगभग 90 दिनों तक पानी के नीचे रहने में सक्षम होती हैं क्योंकि इन्हें बार-बार ईंधन भरने की आवश्यकता नहीं होती।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## डूरंड कप ( फुटबॉल )

### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड पहली बार डूरंड कप चैंपियन बना: डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को 4-3 से हराया

गुरमीत सिंह की शानदार गोलकीपिंग के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल का खिताब जीत लिया है। टीम ने 133वें सीजन के फाइनल मुकाबले में 2 गोल से पिछड़ने के बावजूद डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को शूटआउट में 4-3 से हराया।




**136 साल पुराना है डूरंड कप**

डूरंड कप टूर्नामेंट एशिया का सबसे पुराना टूर्नामेंट है। यह दुनिका का 5वां सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है। इसकी शुरुआत 1888 में शिमला में हुई थी। अब तक टूर्नामेंट के 133 सीजन खेले जा चुके हैं।

PART- 3

# TOBTLM 154

## धातु और अधातु

कक्षा 10

## धातु और अधातु के भौतिक गुणों में अन्तर

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
| --- | --- |

### घनत्व (Density)

धातुओं का घनत्व अधिक होता है। अधातुओं का घनत्व कम होता है।

अपवाद (Exception)

| | |
| --- | --- |
| लीथियम, सोडियम, एवं पोटेशियम | आयोडीन एवं हीरा (कार्बन का अपरूप) |

### ध्वनि ( Sound)

धातुओं में धात्विक ध्वनि होती है। अधातुओं में धात्विक ध्वनि नही होती है।

अपवाद (Exception)

| | |
| --- | --- |
| पारा | |

### गलनांक और क्वथनांक ( Melting Point & Boling Point

| | |
| --- | --- |
| धातुओं का गलनांक और क्वथनांक उच्च होता है। | अधातुओं का गलनांक और क्वथनांक निम्न होता है। |

अपवाद (Exception)

| | |
| --- | --- |
| लीथियम, सोडियम और पोटेशियम | आयोडीन और हीरा |

4 सितंबर

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



महान स्वतंत्रता सेनानी
'भारत का वयोवृद्ध पुरुष'
कहे जाने वाले

## दादा भाई नौरोजी

की जयंती पर शत्-शत् नमन

4 सितंबर 1825 - 30 जून 1917

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

4 सितंबर



हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक

पद्म श्री से सम्मानित


# धर्मवीर भारती

की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन

25 दिसंबर 1926 - 4 सितंबर 1997

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari



आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक, पद्म श्री सम्मानित


धर्मवीर भारती

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

25 दिसंबर 1926-4 सितंबर 1996

Madhu priya

www.teachersofbihar.org



ब्रिटिशकालीन भारत के बुद्धिजीवी, शिक्षाशास्त्री,
'भारत का वयोवृद्ध पुरुष' कहे जाने वाले

## दादा भाई नौरोजी

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

4 सितंबर 1825 - 30 जून 1917



4 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
गूगल स्थापना दिवस
की समस्त उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
/teachersofbihar


4 सितंबर
Google
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
गूगल स्थापना दिवस
की समस्त उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari